आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 07.01.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश के नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष पदों के लिए आज रायपुर में संपन्न हुई आरक्षण की प्रक्रिया—रायपुर, कोरबा और बीरगांव नगर निगम सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित।

2— मुख्यमंत्री ने आज दंतेवाड़ा में कल बीजापुर में माओवादी हमले में शहीद हुए आठ जवानों को दी श्रद्धांजलि।

3— मुख्यमंत्री आज भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में हुए शामिल—त्रिवेणी संगम पर भक्त माता राजिम की कांस्य प्रतिमा की स्थापना के लिए पांच करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

4— नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने कहा प्रदेश में एक साथ होंगे नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव।

महापौर/अध्यक्ष—आरक्षण प्रक्रिया

प्रदेश के नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष पदों के लिए आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आरक्षण की प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से संपन्न हुई।

वाईस ओवर — शुभ्रा भट्टाचार्य

प्रदेश के चौदह नगर निगमों में से सात नगर निगमों में महापौर के पद अनारक्षित रहेंगे। इनमें शामिल हैं, रायपुर, कोरबा, बीरगांव, धमतरी, राजनांदगांव, चिरमिरी और जगदलपुर। इनमें से रायपुर, कोरबा और बीरगांव नगर निगम सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित रहेगा।

इसके अलावा दुर्ग, भिलाई, भिलाई—चरौदा और बिलासपुर नगर पालिक निगम में महापौर और अध्यक्ष का पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रहेगा। इनमें से दुर्ग में महापौर का पद अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला के लिए आरक्षित रहेगा।

आज निकाली गई लॉटरी के अनुसार रिसाली और रायगढ़ नगर पालिक निगमों में महापौर और अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इनमें से रिसाली का पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित रहेगा। वहीं, अंबिकापुर नगर पालिक निगम में महापौर का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

वहीं, राज्य की चौव्वन नगर पालिका परिषदों में से सत्ताईस नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का पद अनारक्षित रहेगा। इसके अलावा तेरह नगर पालिकाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग, छह में अनुसूचित जनजाति के लिए और आठ में अनूसूचित जाति के लिए अध्यक्ष का पद आरक्षित किया गया है।

एक सौ चौबीस नगर पंचायतों में बासठ में अध्यक्ष का पद अनारक्षित, छब्बीस नगर पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए, बीस में अनुसूचित जनजाति के लिए और सोलह नगर पंचायतों में अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है।

जवान—श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दंतेवाड़ा में कारली पुलिस लाइन पहुंचकर कल माओवादी हमले में शहीद हुए आठ जवानों और एक वाहन चालक के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने जवानों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। माओवादियों के खात्मे के लिए अभियान जारी रहेगा।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, डीजीपी अशोक जुनेजा, एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

इसके बाद मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और वन मंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृहग्राम के लिए रवाना किया। अन्य जवानों और वाहन चालक के पार्थिव शरीर को भी उनके गृहग्राम रवाना किया गया।

बीजापुर घटना–निरीक्षण

इस बीच, बीजापुर जिले में कल माओवादियों द्वारा किए गए हमले के बाद पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया। डीजीपी अशोक जुनेजा और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के डीजीपी वितुल कुमार ग्राम अम्बेली पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए हर पहलू की बारीकी से जांच की। इस दौरान उनके साथ सीआरपीएफ के डीआईजी, बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, बीजापुर और दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

गौरतलब है कि कल बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र में माओवादियों ने डीआरजी जवानों को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाते हुए शक्तिशाली आईईडी विस्फोट किया था। इस घटना में आठ जवान और वाहन चालक की मौत हो गई थी।

अरूण साव–चुनाव

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अब से कुछ देर पहले आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ होंगे। ये दोनों चुनाव की प्रक्रिया आगामी पच्चीस फरवरी से पहले पूरी कर ली जाएगी। श्री साव ने बताया कि नगरीय निकायों में महापौर और अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया आज पूरी कर ली गई है। अब यह सूची राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी। इसके बाद आयोग चुनाव की तारीख घोषित करेगा।

श्री साव ने बताया कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की घोषणा संभवतः एक साथ होगी। नामांकन की प्रक्रिया भी एक साथ होगी। हालांकि, मतदान अलग–अलग तिथियों पर कराया जाएगा।

राजभवन–स्थापना दिवस

"एक भारत–श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत रायपुर स्थित राजभवन में आज कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर और लद्दाख राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आदान–प्रदान करना है, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों का स्थापना दिवस, केवल उनके विकास की यात्रा का उत्सव नहीं है, बल्कि भारत की विविधता और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित इन राज्यों के बच्चों और युवाओं ने अपने–अपने राज्यों की संस्कृति तथा लोक परंपराओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री–राजिम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजिम में भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी को भक्त माता राजिम और भक्त माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता फिर से लौटेगी। देशभर से साधु–संत इसमें शामिल होने आएंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राजिम त्रिवेणी संगम में भक्त माता राजिम की कांस्य की प्रतिमा की स्थापना के लिए पांच करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

आईईडी–बरामद

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों ने दस किलो का आईईडी बरामद किया है। माओवादियों ने यह आईईडी जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से कोन्टा–गोलापल्ली मार्ग पर लगा रखा था। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

पत्रकार हत्या–ठेकेदार पंजीयन

बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मामले में आरोपी सुरेश चंद्राकर की ठेकेदारी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने यह आदेश जारी किया है। आरोपी सुरेश चंद्राकर लोक निर्माण विभाग में 'अ वर्ग' का ठेकेदार था।

संक्षिप्त समाचार

– भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन कल रायपुर आएंगे। वे नौ जनवरी को प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा विधायकों की बैठक लेंगे।

– गरियाबंद जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने तिरासी किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब आठ लाख तीस हजार रूपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी मध्यप्रदेश के देवास का रहने वाला है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>